AMAR UJALA

Page No.04 (Gzb.)

Date. 10th Sep 2019

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज में सोमवार को विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। यह दिवस भौतिक चिकित्सा समुदाय की एकता का प्रतीक है।

आईटीएस द एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि यह दिवस एक बेहतर जीवन प्रदान करने की दिशा में काम करने वाले भौतिक चिकित्सकों को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष डब्ल्यूसीपीटी ने विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस के लिए विषय के रूप में चिरकारी दर्द(क्रोनिक पेन) घोषित किया। इस मौके पर चित्रकला, शिल्पकला, रंगोली, पोस्टर प्रदर्शन, चेहरे को रंगना आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया गया। निदेशक डॉ. सीएस राम, डॉ. थंगराज, डॉ. विक्की चौधरी, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. गुंजन राठी, डॉ. शिल्पा गुप्ता, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. बलजीत कौर, डॉ. सुचित त्यागी, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date. 10th Sep 2019

फिजियोथेरपी वीक में हुईं कई एक्टिविटीज

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड

आईटीएस डेंटल कॉलेज में वर्ल्ड फिजियोथेरपी वीक का सोमवार को समापन हो गया। इस वीक में कॉलेज के स्टूडेंट्स ने कई प्रकार की एक्टिविटीज में हिस्सा लिया। स्टूडेंट्स सोमवार को वृद्ध आश्रम गए और शिविर लगाकर बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान उन्हें योग आदि भी सिखाए। वहीं, कार्यक्रम में चित्रकला, शिल्पकला, रंगोली, पोस्टर प्रदर्शन, चेहरे को रंगना आदि प्रतियोगिताएं भी हुईं। भौतिक चिकित्सा विभाग के निदेशक डॉ. सी.एस.राम ने बताया कि इस वर्ष इस डे का का विषय क्रॉनिक पेन रखा गया है।